प्रकाशक
रूपायन संस्थान, बोरुन्दा

प्रमुख वितरक
राजस्थानी ग्रन्थागार
सोजती गेट के बाहर
जोधपुर

मूल्य : एक सौ रुपया मात्र

संस्करण : १९८७

सर्वाधिकार लेखक के अधीन

मुद्रक
अरविन्द प्रिन्टर्स
जोधपुर

विगत

रस कस दिवली वळै   १
वांडघौ वीर   १५
काळिंदर री सुगराई   २७
अेक नुगरौ सांप   ३६
फूलकंवर   ४६
पीळौ सांप   ७३
सीधौ हिसाव   ६२
लिख्या लेख टळै   ६४
जूंन्यौ सरप   १०८
नागरा थारौ वंस वधै   १२५
देवाळा री वापीती   १५८
दुविध्या   १७२
असमांन जोगी   २११
खांतीलौ चोर   २५०
जोग री वात   २८१
भूंडौ अर भलौ   २६३
करणी जैड़ी भरणी   ३०४
घर रै पाखती घर   ३१६
वेटौ सीभ्कै   ३२१
नीं रौ म्यांनौ हां   ३२२
वेटौ किणरौ ?   ३२३

लोक कथाओं को समझने का उपक्रम

कोमल कोठारी

पृष्ठभूमि

लोक-कथाओं की आंतरिक गठन-प्रक्रिया को कितने ही रूपों में खंड-विखंड करके देखने का प्रयास किया गया है। कथा-मानक की स्थापना के द्वारा पूर्ण कथानक की घटनात्मक समानताओं के जरिये, विश्व की लोक-कथाओं को एक सुनिश्चित आधार दिया गया। एक विशिष्ट क्रम एवं विशिष्ट घटनावली के संघटन से कथा-मानक के स्वरूप की कल्पना निर्मित की गई। स्थूल कथानकों की तात्विक तालिकाओं से अधिक गहराई में जाते हुए अभिप्राय अथवा कथानक की रूढ़-प्ररूढ़ियों पर दृष्टि पहुंची। अभिप्राय वस्तुतः एक घटना मात्र है जो निरंतर अनेक कथाओं में ज्यों की त्यों प्रयुक्त मिलती है। एक कथा में एक अभिप्राय से लेकर अनेक अभिप्रायों का गुंफन हो सकता है। कथा-मानक की संरचना पर एंटी आर्ने ने कार्य किया तो अभिप्रायों की विश्व-जनीन मान्यता पर सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य स्टिथ थॉमसन ने किया।

लोक-कथाओं की उत्पत्ति : कुछ मत

किन्तु इन दोनों प्रकार की अध्ययन प्रणालियों में कथानक अथवा कथानक को सृजित करने वाली घटनाओं को ही आधार बनाया गया। ये प्रयत्न शुद्ध लोक-कथा के गठनात्मक वस्तु-तथ्यों तक ही सीमित रहे। किन्तु एक अन्य प्रयोजन

की तुष्टि के लिए यह देखने का प्रयास आरंभ हुआ कि अंतत: लोक-कथा को कहने-सुनने वाले कौन हैं ? इन लोगों का सामाजिक और राष्ट्रीय समस्याओं से उद्भूत सांस्कृतिक जीवन क्या व कौनसा है ? एक समाज की सांस्कृतिक परंपराओं एवं अन्य संस्कृतियों के आदान-प्रदान से कौनसे प्रभाव उत्पन्न हुए ? यहां लोक-कथा का प्रयोग एक ऐसी सत्ता अथवा तत्व के रूप में होने लगा जो विश्व के विभिन्न समाजों की संस्कृतियों के विश्लेषण हेतु एक प्रमाणभूत आधार देने लगा। इस प्रकार के अध्ययन का आरंभ जर्मन विद्वान फ्रेडरिक मैक्समूलर ने किया। मैक्समूलर ने तुलनात्मक भाषाविज्ञान के आधार पर सौर-पुराकथा-सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। मैक्समूलर की सैद्धान्तिक मान्यता के विषय में रिचार्ड डोरसन ने अपने 'सौर-पुराकथा का अंत' नामक निबन्ध में लिखा है:

'मैक्समूलर ने तर्क के द्वारा स्थापित करने का प्रयत्न किया कि यूनानी-देवी-देवताओं के समतुल्य संस्कृत नामों को एक साथ रखा जाय और उनके आधार पर वेदों को समझने का प्रयत्न किया जाय। वेद—जो आर्य जाति के सबसे प्राचीन साहित्यिक ग्रंथ हैं और जिनके द्वारा देवी-देवताओं के अलौकिक लक्षणों को समझा जा सकता है। संपूर्ण भारोपीय जन-समुदाय का सम्बन्ध आर्य-वंश से है और अपने मूल भारतीय निवास से विभिन्न यूरोपीय जन-समूहों की यात्रा प्रारंभ हुई थी। इस यात्रा के दौरान भाषा एवं पुराकथाएं अनेक शाखा-प्रशाखाओं में विभक्त हो गईं। एक समय आया जब वैदिक देवी-देवताओं के नाम विलुप्त हो गये और अनिश्चयात्मक अर्थ देने वाले पुराकथात्मक मुहावरे एवं कहावतें ही शेष रह गये। इन मुहावरों को पुन: समझाने की दृष्टि से कथाएं सृजित होने लगीं। इस प्रकार 'भाषा की बीमारी [डिज़ीज ऑफ लैंग्वेज] से पुराकथाओं का जन्म हुआ।'

भाषा की इस तुलनात्मक एवं उत्पत्तिमूलक धारणा के साथ मैक्समूलर ने रूपक की चर्चा भी की। उन्होंने बताया कि रूपक ने दो प्रकार से अपने अर्थ प्रदान किये। यथा: 'आलोकित करना' जैसी क्रिया के धातु से सूर्य का संज्ञात्मक बोध कराया गया अथवा उसे विचारों के आलोक के साथ भी अभिहित कर दिया गया। इस प्रकार निर्मित संज्ञाओं को काव्यत्व की कल्पनाशील शक्ति के द्वारा अन्य वस्तुओं को भी संकेतित किया जाने लगा। सूर्य की किरणों को अंगुलियां कहा गया तो बादलों को पर्वतों से उपमित किया गया। पानी से भरे बादल

गाय के दूध भरे स्तनों के समान व्यक्त किये गये तो कड़कती विजली को तीर एवं सर्प की साम्यता पर आधारित करने का प्रयास किया गया । शब्दों की इन भाषा वैज्ञानिक व्याख्याओं एवं यूनानी सभ्यता के देवी-देवताओं के नामों के तुलनात्मक विश्लेषण के द्वारा भारोपीय पुराकथा शास्त्र का निर्माण किया जाने लगा । मैक्समूलर एवं उनके साथियों ने स्थापित करने का प्रयास किया कि सूर्य एवं सौर-मंडल की अज्ञात एवं विस्मयपूर्ण स्थितियों की प्रतिक्रिया के स्वरूप ही पुराकथाओं ने अपना स्वरूप ग्रहण किया । इस विद्वत्-समूह ने व्युत्पत्ति-जनक शब्दों के द्वारा प्रत्येक पुराकथा को सूर्य अथवा सौर-मंडल की प्रक्रियाओं पर सप्रयत्न आरोपित करने का प्रयत्न किया । यह कहा गया कि वैदिक देवता 'द्यौस' एवं यूनानी देवता ज्यूअस् की तुलनात्मक पुराकथा के द्वारा इस संपूर्ण योजना को आत्मसात किया जा सकता है ।

लोक-कथा : कथ्य अवशेष

मैक्समूलर के अध्ययनों के समकालीन मानवशास्त्र के अन्य विद्वान एडवर्ड-बी. टेलर आदिवासी जनजीवन पर पृथक ही लिख रहे थे । एंड्रयू लांग ने टेलर की मानवशास्त्रीय मान्यताओं के आधार पर मैक्समूलर के सिद्धान्तों की मखौल बनाने का एक क्रम प्रारंभ किया । लांग ने सैद्धान्तिक रूप से विकासमान मानव-शास्त्र के सिद्धान्तों के जरिये मैक्समूलर के कथनों का खंडन प्रारंभ किया । लांग ने स्थापित करने का प्रयत्न किया कि संपूर्ण मानवसमाज एक समान गति से विकसित हुआ । विकास का यह क्रम 'सेवेजरी' से 'सिविलाइजेशन' तक चला । साथ ही साथ आदिम विश्वासों एवं रीतिरिवाजों के अवशेष ग्राम्य-कृषकों में अस्तित्व को बनायें रहे अथवा वर्तमान काल के आदिवासियों में ज्यों के त्यों जीवित रहे । लांग ने निर्णय निकाला है कि आधुनिक ग्राम्य समाज एवं आदिवासियों के जीवन-अध्ययन के आधार पर मानव जीवन की आदिम अवस्थाओं का सांगोपांग चित्रण प्रस्तुत किया जा सकता है । जीव-शास्त्र के अध्ययन में अस्थि-अवशेषों के सहारे जिस प्रकार प्राचीन मानव-वंश की स्थितियों को धीरे-धीरे निर्मित किया जा रहा है उसी प्रकार मानव मन में स्थित अवशेषों से मानसिक विकास की दशाओं का इतिहास निर्मित किया जा सकेगा ।

एंड्रयू लांग ने मैक्समूलर की सूर्य, चंद्र एवं तारों सम्बन्धी पुराकथाओं के विश्ले-षण को अपने पूर्ण रूप में नकारा तो नहीं किन्तु साथ ही साथ आस्ट्रेलिया, अफ्रीका,

उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका एवं दक्षिणी प्रशान्त महासागर के द्वीपों से प्राप्त पुरा-कथाओं, परिकथाओं एवं लोक-कथाओं के आधार पर सौर-कथा चक्र पर बुनियादी आक्रमण किये। मैक्समूलर ने लांग के तर्कों का निरंतर जवाब दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि लांग महोदय को प्राचीन भाषाओं का ज्ञान नहीं है और इसलिए वे शब्दों के तुलनात्मक एवं भाषा वैज्ञानिक अर्थों के गांभीर्य को समझ पाने में असमर्थ हैं। मैक्समूलर ने अनेक प्रश्न किये और पूछा कि मानव-समाज के विकास के दौर में पुरा-कथा युग के पूर्व मिथिकों का उद्भव क्यों नहीं हो पाया? शब्दों, अर्थों, मुहावरों व कहावतों के अर्थ क्यों भुला दिये गये और किस प्रकार नयी कथाओं के जरिये उनकी पुनर्स्थापना हुई?

भारतीय लोक-कथा — विश्वजनीन तथ्य

लांग एवं मैक्समूलर की पुराकथा सम्बन्धी बहस का परिणाम यह निकला कि धार्मिक विचारों के ऊहापोह में कथाओं का एक स्वतंत्र विवेचन होने लगा और अनेक विद्वान नये नये विचारों के साथ इस साहित्यिक विधा की ओर आकर्षित होने लगे। बीसवीं शताब्दी तक पहुंचते हुए आदिवासी जनसमूह के साथ साथ विकसित एवं अर्ध-विकसित देशों की संस्कृतियों के गंभीर एवं शोधपूर्ण प्रयास प्रारंभ हुए और लोक-कथाओं के प्रति चैतन्य विचार प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया। भारत में पुराकथाओं का अध्ययन धार्मिक एवं दार्शनिक मान्यताओं की सीमाओं में ही चलता रहा — उसे मानवशास्त्रीय ज्ञान के आलोक में परखने का प्रयास लगभग नगण्य ही बना रहा। पश्चिमी देशों में लोक-कथाओं के विसरण [डिफ्यूजन] सिद्धान्त एवं ऐतिहासिक-भौगोलिक कथा-सिद्धान्त का विकास भी हुआ किन्तु उसकी गरिमा का प्रभाव भी हमारे देश पर नहीं पड़ पाया। हम आज भी अपने देश की लोक-कथाओं को एक प्रसंगहीन प्रक्रिया के रूप में ग्रहण किये हुए चल रहे हैं। विश्व की लोक-कथाओं के महान अध्येताओं ने जहां भारतीय लोक-कथाओं के साहित्यिक एवं मौखिक स्वरूपों की सामग्री के द्वारा स्थापित करने का प्रयत्न किया कि किस प्रकार इस देश की निधि का अनेक रूपों में प्रसार अथवा विसरण हुआ। संभवतया हमारे लिए यह प्रश्न भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि विश्व के अध्येताओं ने जिस सामग्री पर अपने निर्णय निकाले हैं, वे मुख्यतया लिखित साहित्यिक परम्परा के ही भाग हैं। वेद, उपनिषद, ब्राह्मण, आगम के ग्रंथों के अलावा कथा सरित्-सागर, कथा मंजरी और इन्हीं के विभिन्न एवं सीमित रूप हितोपदेश, पंचतंत्र,

सिंहासन बत्तीसी, बैंताल पच्चीसी आदि ग्रंथ ही वो आधार प्रदान कर सके जो भारतीय लोक-कथाओं के प्रकाशित रूप रहे हैं। किन्तु भारतीय लोकवार्ता के विद्वान भली भांति जानते हैं कि इस प्रकाशित सामग्री के अलावा लाखों कथाएं आज लोगों के कंठों पर ही हैं और उसके संकलन एवं वैज्ञानिक वर्गीकरण का क्रम अभी आरंभ ही नहीं हुआ है। कंठों के सहारे जीने वाली कथाओं का महत्त्व केवल ऐतिहासिक ही नहीं है अपितु वे वर्तमान समाज की सांस्कृतिक स्थितियों पर भी एक टिप्पणी प्रस्तुत करती हैं। आज के समाज की जीवंत कथाओं के उस प्रबल पक्ष पर विचार किया जाना अत्यंत आवश्यक है कि अंततः ये प्रतीक, उपमाएं, रूपक अथवा कथांश अब तक क्यों कथ्य-परंपरा में जीवित रह गये और उन में यह क्षमता क्यों बनी हुई है कि वे आने वाले भावी समाज की आत्माभिव्यक्ति को तुष्ट कर सकते हैं?

'फुलवाड़ी' का उद्देश्य

'बातां री फुलवाड़ी' के द्वारा यही प्रयत्न किया जा रहा है कि वर्तमान ग्राम्य-समाज से लोक-कथाओं को संग्रहीत किया जाय और उनके परिप्रेक्ष्य में वर्तमान सामाजिक मूल्यों एवं स्थितियों का मूल्यांकन किया जाय। जिन प्रतीकों एवं रूपकों ने युगों से मनुष्य के मन को रंजित किया। इन कथाओं ने कभी वस्तु-सत्य की कठोरता को प्रतीकों की गहराई में छिपाकर अभिव्यक्त किया तो कभी सामाजिक विषमता पर सीधे ही प्रहार किया। मन की संभवतया किसी भी दशा को लोक-कथाओं ने अछूता नहीं छोड़ा। मनुष्य और मनुष्य के बीच के संबंध, एक जाति के अन्य जाति से सम्बन्ध, मनुष्य की प्रकृति से सम्बन्ध और मनुष्य के दैनन्दिन अनुभवों के साथ जो सम्बन्ध निर्मित हुए, सभी वस्तु-स्थितियों ने लोक-मानस को उद्वेलित किया। कभी ऐतिहासिक घटना, कभी किसी चमत्कारिक वस्तु-स्थिति तो कभी मन के सहज विश्वास ने कथाओं के क्रमिक सृजन में अपना योगदान दिया। जो कथाएं समाज के यथार्थ के साथ चल सकती थीं — वे जीवित परंपरा के रूप में चलती रहीं और जिनका संदेश काल की गति में अपनी उपयोगिता खो चुका था — वे सहज ही विलुप्त हो गईं। उपयोगिता की यही धारणा भावी समाज की लोक-कथाओं की संरचना और उनके संघटन की प्रक्रिया के साथ जुड़ी रहेगी।

'बातां री फुलवाड़ी' में प्रकाशित होने वाली कथाओं का संग्रहस्थान एक ही है अर्थात् राजस्थान का बोरुंदा ग्राम। भौगोलिक कथा-क्षेत्र का यह ज्ञान इसलिए

आवश्यक है कि अंतत: किस क्षेत्र में कथा का विशिष्ट रूप प्रचलित है ? सांस्कृतिक क्षेत्र के परिवर्तन के साथ कथा के प्रतीक संभवतया अन्य संकेत देने लगते हैं। कथाओं को समझने का दूसरा क्रम उनके ऐतिहासिक रूप से सम्बन्धित है अर्थात् इतिहास के किस काल तक हम इन्हीं कथा-रूपों को प्राप्त कर पाते हैं। 'वातां री फुलवाड़ी' में प्रकाशित कथाओं का एक निश्चित रूप बन जाने के बाद ही हम यह प्रयत्न करेंगे कि उसे भारत के भौगोलिक क्षेत्रों एवं इतिहास के काल-मान के परिप्रेक्ष्य में पुन: परखें और उनसे निर्मित मूल्यों एवं निर्णयों का पृथक अध्ययन प्रस्तुत करें।

'वातां री फुलवाड़ी' का दसवां भाग तैयार होकर, पाठकों के हाथ में पहुंच रहा है। केवल इसी भाग में प्रकाशित कथाओं के बारे में कुछ विचार कर लेना आवश्यक होगा। इस भाग की प्रथम दस कथाओं का सम्बन्ध सर्प से है। यों तो 'वातां री फुलवाड़ी' के भागों को प्रकाशित करते हुए, यह क्रम नहीं रखा गया कि विशिष्ट वर्गीकरण के आधार पर ही कथा का चयन, लेखन एवं प्रकाशन हो किन्तु संग्रह क्रम में यदि समान समस्याओं की कथाएं आ गईं तो उनका प्रकाशन भी एक साथ हो गया। यह एक अनायास घटना ही समझनी चाहिए कि सर्प सम्बन्धी दस कथाएं इस भाग में एक साथ आ गई हैं। सर्प सम्बन्धी कुछ कथाएं पिछले नौ भागों में आ चुकी हैं और ये संभवतया भावी खंड में भी आयें। दसवें भाग की केवल इन्हीं दस कथाओं के आधार पर कुछ विचार करना संगत होगा।

सर्प-संबंधी कुछ मान्यताएं

प्राचीन पुराकथाओं में सर्प अथवा नाग को अनेक कथाओं में पात्रत्व मिला। भारतीय पुराकथाओं में शेष-नाग की कल्पना के साथ पृथ्वी को अपने सिर पर उठाये रखने का विवरण अनेक रूपों में आया। वैदिक समय में सर्प को भय मिश्रित सन्देह के साथ देखा जाता था। अहि अथवा वृत्र नामक असुर की प्रतीकात्मक कल्पना में उसे रात्रि के घनघोर अंधकार एवं वर्षा को उड़ा ले जाने वाला चित्रित किया गया। विलियम क्रुक ने सर्प-पूजा की स्थिति के विषय में संकेत दिया कि वैदिक काल के काफी समय बाद ही संभवतया सर्प पूजा की निश्चित परंपरा प्रारंभ हुई। सर्प-दंश अथवा विष के साथ जीवन के अंत का प्रश्न निश्चित ही आदिम मन में एक भयावह कल्पना को जाग्रत करता रहा होगा जो आज भी कम सशक्त नहीं है। भय की इसी धारणा के साथ पूजा के विधानों का संकलन-

आकलन होता गया और देश के विभिन्न भागों में विभिन्न सर्प-पूजा के 'कल्ट्स' भी उत्पन्न होने लगे। राजस्थान में गोगा के देवल का अवदान सर्प-दंश एवं उसके निदान के साथ जुड़ा हुआ है। बंगाल की मनसा देवी की पूजा का आधार भी सर्प सम्बन्धी मान्यताओं में निहित है। भारत के लगभग सभी क्षेत्रों में सर्प एवं उसके विषाक्त सर्प-वंश से सम्बन्धी छोटे-बड़े देवी-देवताओं की स्थापना की जा चुकी है। राजस्थान में गोगा के साथ खाखळ या खागळ देव नाम से भी सर्प-पूजा की प्रक्रिया चल रही है। बोरुंदा के इर्द-गिर्द सर्प-दंश का निदान केसरिया कुंवरजी के थान पर होता है। खाखळजी या खागळजी के नाम का प्रभाव-क्षेत्र ब्यावर एवं निकट के क्षेत्र में है। गोगा के थान भी उत्तरी पश्चिमी राजस्थान के सभी क्षेत्रों में हैं। इन देवताओं के थानों पर अधिकांश-तया पत्थर पर सर्पा-कृतियां बनी रहती हैं। उनके सामने धूप देने का दोवट रहता है जिस में राळ एवं अन्य सुगंधित पदार्थों का उपयोग किया जाता है। मंत्रोच्चार या भाव आने की विधा [पुजारी को छाया आना] के द्वारा सर्प के विष को उतारने का उपक्रम किया जाता है। गांव में थान या उसके पुजारी के न होने पर निकट के महात्म्य वाले थानों या देवालयों पर सर्प दंशित व्यक्ति को ले जाया जाता है। अनेक बार सर्प सम्बन्धी देवता के नाम से धागे की तांत भी बांध ली जाती है और माना जाता है कि उस तांत के प्रभाव से व्यक्ति विषमुक्त हो जायेगा। गांवों में ऐसे लोग भी होते हैं जो मंत्रोच्चार के जरिये सर्प-दंश का झाड़ा देते हैं। बोरुंदा गांव में एक झाड़ा देने वाले व्यक्ति से ज्ञात हुआ कि इक्कीस दिन तक पवित्र रहकर, एक ही मंत्र-विशेष का जाप कर लेने के कारण वह सहज ही सर्प के जहर को दूर कर सकता है। उसके मंत्र को सुनने से ज्ञात होता है कि वह आधुनिक राजस्थानी के साथ कुछ ध्वनियों के मिश्रण से चल रहा है। सर्प की विभिन्न जातियों के विषय में सामान्य ग्राम्य-जीवन काफी जानकारी रखता है। अनुभव से उसे यह भी ज्ञात है कि कौनसा सर्प विषमय है और कोनसा नहीं। यह सामान्य धारणा है कि सर्प को यदि छेड़ा नहीं जाय तो वह डसेगा नहीं। काले सर्प [कोबरा] को सर्वाधिक भय और श्रद्धा से देखा जाता है। प्रतिशोध लेने की शक्ति के विषय में अनेक विश्वास भी प्रचलित हैं। सर्प को मार देने के बाद उसकी मानवोचित अंत्येष्टि करने का रिवाज भी अनेक जगहों पर प्रचलित है। यह माना जाता है कि सर्प को मारने वाले का चित्र उसकी आंखों में

अंकित हो जाता है और जोड़े का दूसरा सर्प उसी आकृति के सहारे सर्प के हत्यारे से प्रतिशोध लेने के लिए पहुंचता है । लगभग प्रत्येक सर्प के थान या देवालय के विषय में किसी न किसी प्रकार का प्रवाद या कथा का निर्माण भी मिलता है।'

सर्प-दंश संबंधी एक अवदान

कर्नल टॉड ने पीपाड़ के एक तालाब एवं सर्प के थान का अवदान अपने ऐतिहासिक ग्रंथ में दिया है । पीपा नाम का एक ब्राह्मण था जो प्रतिदिन सांपों को दूध पिलाया करता था । पीपा का मकान एक तालाब के किनारे था । सांप उसकी सेवा से प्रसन्न होकर प्रतिदिन दो मोहरें प्रदान किया करते थे । एक बार वह यात्रा पर गया तो अपने पुत्र को कह गया कि सांप को रोज दूध जरूर पिला दिया करे । पिता के चले जाने के बाद पुत्र ने देखा कि सांप के खजाने को ही क्यों नहीं प्राप्त कर लिया जाय । उसने एक दिन दूध के बजाय लाठी से सांप पर प्रहार किया । सांप जीवित ही निकल गया । पीपा जब वापस लौटा तो उसे सांप पर प्रहार की घटना का पता चला । पीपा की पत्नी अधिक चिन्तित हुई । उसने पुत्र को सर्प के प्रतिशोध से बचाने लिए दूसरे दिन सवेरे ही दूर कहीं भेजने का तय किया । किन्तु दूसरे दिन सवेरे ही देखा कि पुत्र को सर्प ने डंस लिया है और वह मृत पड़ा है । पीपा ने प्रतिशोध के बजाय एक दिन खूब दूध सर्प की सेवा में रखा । सर्प ने प्रसन्न होकर अपना सारा खजाना उसे बता दिया और साथ ही कहा उसी तालाब पर सर्प का एक थान बनवा दे जो आने वाली पीढ़ियों को इस घटना की याद दिलाता रहे । इस प्रकार पीपा स्वयं सर्प की भक्ति के कारण एक छोटा देवता मान लिया गया और उस थान पर सर्प के विष को उतारने का क्रम चल निकला ।

इस प्रकार के अनेक अवदान राजस्थान के गांवों एवं छोटे कस्बों में सैकड़ों की संख्या में मिल जाते हैं और नये नये नाग देवता एवं भक्तों के नाम भी जुड़ते जाते हैं । टॉड द्वारा उल्लिखित उपरोक्त अवदान [लिजेंड] केवल पीपाड़ से ही सम्बन्धित या उस कस्बे तक ही सीमित हो, सो बात भी नहीं है । यही बात अनेक कथा-रूपों में भी चल रही है । फुलवाड़ी की दस सर्प संबंधी कथाओं में एक कथा 'सीधो हिसाब' शीर्षक से लिखी गई है । उस कथा का उद्देश्य केवल इतना कहना ही है कि जैसा करोगे वैसा भरोगे । पिता ने सर्प को प्रसन्न करके खजाना पाया और पुत्र ने प्रहार करके सर्प-दंश के कारण मृत्यु पाई । यह कथात्मक घटना

एक अभिप्राय है जो अनेक कथाओं में अनेक प्रकार की स्थितियों को व्यक्त करने के लिए आती है। कर्नल टॉड द्वारा उल्लिखित अवदान अथवा प्रवाद के साथ जोड़कर ऐसी कथाओं को देखने पर उनके उत्पत्ति-मूलक तथ्यों का आभास अवश्य मिलने लगता है।

सर्प-पालक जाति एवं एक त्योहार

राजस्थान में सर्प के साथ दो विशिष्ट तथ्यों को जानना संभवतया आवश्यक है। एक तो सर्प-पालक जाति ही घुमक्कड़ रूप में घूमती रहती है। यह जाति अपने आपको जोगी कहती है और सामान्य भाषा में उन्हें काळबेलिया कहा जाता है। यह जाति स्वयं को गोरखनाथ-मछंदरनाथ से संबंधित घोषित करती है। जोगियों की इस जाति के साथ मिलती-जुलती अन्य जातियां भी हैं जो रहन-सहन व वस्त्राभूषणों से समान दिखाई देती हैं। सांप-पालक जोगी एवं घट्टी-वाले जोगी से मध्य-राजस्थान के लोग काफी परिचित हैं किन्तु वांसड़े वाले और सारंगी वाले जोगी दो और शाखाएं हैं। इन जोगियों के जातिसमूह सिरोही-मेवाड़ क्षेत्र में घूमते हैं। इसी प्रकार निहालदे-सुल्तान एवं अन्य लोकगाथा-गायक जोगी अपने आपको भरतहरी जोगी कहते हैं और उनका निवास मेवात-क्षेत्र में है। इन सभी जोगी नाम से संबोधित की जाने वाली जातियों के पृथक पृथक कार्य हैं। सांप वाले जोगी जाति के लोग सांपों को एक मियाद के लिए पकड़ते हैं और उन्हें पुंगी या वांसुरी की धुन पर मोहित करते हैं। सांप के साथ नेवलों का युद्ध भी कराते हैं और अपने इन खेलों के द्वारा जीवन-निर्वाह का प्रयत्न करते हैं। काळबेलिया जाति के लोगों द्वारा सर्प दंश का इलाज भी किया जाता है और वे अनेक प्रकार की जड़ी-बूंटियों को अपने पास रखते हैं। इस जाति के विषय में सामाजिक जानकारी का संग्रह कार्य अभी नहीं हो पाया है। सर्प संबंधी दूसरा महत्त्वपूर्ण तथ्य नाग-पंचमी की कल्पना है जो एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है। सर्प के प्रति जितना भय समाज के मानस में निहित है, उतनी ही गहन मात्रा में श्रद्धा का भाव भी मिलता है। नाग-पंचमी एवं नागों से संबंधी देवालयों एवं थानों से यह तथ्य स्पष्ट संकेतित है।

'फुलवाड़ी' के दसवें भाग में सर्प कथाएं

सर्प के विषय में इस सामान्य जानकारी के आधार पर फुलवाड़ी के दसवें

भाग की कथाओं को विश्लेषित करने का प्रयत्न किया जाय । प्रस्तुत संग्रह की इन कथाओं को चार विभागों में विभक्त किया जा सकता है । ये विभाग सर्प के उन कार्यों पर आधारित हैं जिनके द्वारा प्रतीकात्मक अथवा नैतिक मान्यताओं को अपना स्वरूप मिला है । इन्हीं कथाओं में प्रयुक्त अभिप्राय बार बार पुनरावर्तित भी हुए हैं किन्तु सर्प संबंधी मान्यताओं का आधार प्रस्तुत वर्गीकरण की सीमा में किया जा सकता है । विभाजन इस प्रकार किया गया है :

१. सामान्य पशुकथा [फेबल के रूप में] ।

२. खजाने का रक्षक अथवा निर्धन को संपत्ति आदि प्रदान करने वाला ।

३. पाप, लोभ या लालच में आसक्त बनाने वाला ।

४. त्रिया-चरित्र की प्रतीक व्यंजना में सर्प का उपयोग ।

सामान्य पशु-कथा : इस प्रकार की कथाओं में पशुओं पर मानवोचित व्यवहार का आरोपण किया जाता है । मानव के चारित्रिक गुणों एवं वाणी के व्यावहारिक प्रयोग के द्वारा अपनी बात को पशुओं के माध्यम से स्पष्ट कराने का प्रयत्न मिलता है । सामान्य पशु-कथा को दो उपविभागों में विभाजित किया गया है । एक प्रकार की वे पशु-कथाएं जो केवल पशु-पात्रों को मानव-पात्रों की जगह काम में लेते हैं और उनके माध्यम से किसी नैतिक-सिद्धान्त या नीति-वाक्य का प्रयोजन नहीं साधते । पशुओं के लक्षणों के सहारे और उनके प्रकृति-जन्य व्यवहार का ही कथात्मक प्रयोग होता है । ऐसी कथाओं में केवल पशु-पात्र ही होते हैं अथवा पशु व मनुष्य दोनों ही हो सकते हैं । दूसरी प्रकार की पशु-कथाओं में पशुओं का प्रतीकात्मक प्रयोग होता है और घटनात्मक स्थिति के माध्यम से किसी नैतिक मान्यता का प्रतिपादन किया जाता है । ऐसी कथाओं के अंत में उनका 'मोरल' या उद्देश्य भी स्पष्टतः संकेतित रहता है । इस प्रकार संदेश देने वाली कथाओं को 'फेबल्स' कहा गया है । फेबल का महत्त्वपूर्ण स्वरूप पंचतंत्र की कथाओं मे ग्रहण किया जा सकता है । 'फुलवाड़ी' के दसवें भाग में सर्प संबंधी कुछ कथाएं शुद्ध फेबल्स के रूप में ली जा सकती हैं । ये कथाएं हैं : नुगरो सांप एवं सीधो हिसाब ।

नुगरो सांप अर्थात् कृतघ्न सर्प का कथात्मक अभिप्राय संपूर्ण भारत में प्रचलित है । इस कथा में जहां सर्प है, वहां अनेक कथा-रूपों में सिंह भी मिलता है । सर्प को कुछ सपेरे अर्थात् काळबेलिये पकड़ने पहुंचते हैं, सर्प भागकर एक

ब्राह्मण से शरण मांगता है । वह उसे अपने कटोरदान में छिपा लेता है । खत
के टल जाने के बाद सर्प अपनी कुटिलता पर उतर आता है । वह ब्राह्मण व
डसना चाहता है । किन्तु यह कुटिलता न्याय के नाम पर करना चाहता है
यही कथा-रूप सिंह के साथ भी मिलता है और कहीं जेल, तो कहीं कांटे
चुभ जाने तो कहीं अन्य रूप में सिंह को फंसा हुआ बताया जाता है । ब्राह्म
ही उसे मूर्खतावश मुक्त करता है । काळबेलियों के भय से सर्प का भागना अप
क्षेत्रीयता के कारण महत्त्वपूर्ण है । इस कथा में भैंस व खेजड़ी वृक्ष को न्यायाधी
मान लिया जाता है किन्तु दोनों ही ब्राह्मण को बताते हैं कि स्वार्थी जगत
स्वार्थ को पूरने से बड़ा कोई धर्म नहीं है । दोनों अपने अनुभव के द्वारा बता
हैं कि समाज ने अपने स्वार्थ की पूर्ति के बाद उनकी बुरी हालत कर दी । अत
सर्प का डसना निरर्थक नहीं है, क्योंकि वही उसका स्वभाव एवं स्वार्थ है । कथ
में तीसरा न्यायाधीश चतुर सियार है [अनेक बार लोमड़ी भी होती है] जो भोलेप
से सर्प के कटोरदान में बंद होने की बात स्वीकार नहीं करता । सर्प उत्साह
उस कटोरदान में बंद होना मंजूर कर लेता है और उसे अपनी कुटिलता औ
कृतघ्नता का फल मिल जाता है ।

इस कथा में एक स्वतंत्र अभिप्राय का प्रयोग भी कर लिया गया है । य
उल्लेख अनेक सर्प संबंधी कथाओं में आता है कि सांप जिसे डसना चाहता है—
वह अपने ससुराल से लौटकर आने पर डसवाने का वादा करता है । तेजा
जैसी प्रसिद्ध लोकगाथा में इसी अभिप्राय का प्रयोग हुआ है । 'नुगरो सांप' व
इस कथा में भी ब्राह्मण अपने ससुराल जाने की बात कहता है । नायक द्वार
अपने वादे पर कायम रहने का यह चारित्रिक उदाहरण उसकी महत्ता को स्थापि
करता है । अभिप्रायों के इसी प्रयोग के कारण चतुर सियार के पूर्व भैंस
खेजड़ी के न्याय की बात जुड़ गई है । कथा का शुद्ध उद्देश्य यह बताना है कि
मूर्खतावश कुटिलवृत्ति के साथ किसी प्रकार का रहम नहीं किया जाना चाहिए ।

पशुकथा का दूसरा उदाहरण है—सीधो हिसाब । इस कथा का उल्ले
पहिले पीपा के अवदान में आ गया है । दूध पिलाने पर सर्प की मित्रता औ
पुत्र द्वारा उस पर हमला करने के कारण उसे डस जाना । कथा का अंत स
की इस उक्ति पर ही हो जाता है कि तुझे तेरे पुत्र की मौत पर दुःख है त
मुझे अपने सिर की चोट का दर्द है । जैसा करेगा—वैसा ही भरेगा, कथा क

नीति-शास्त्र है। पीपा वाले अवदान में कथा का प्रयोजन बिल्कुल बदल गया है। यहां सर्प की पुनः प्रसन्नता और सर्प के विष से बचने की प्रक्रिया प्रमुख बन जाती है। संभावना यही लगती है कि सीधी हिसाब जैसी सहज कथाओं को अवदान का रंग मिला करता है।

सर्प संबंधी फेबल्स की बात करते हुए, ईसप की समान-भावी कथाओं का स्मरण हो आता है। एक कथा है: एक सांप बर्फीली ठंड में निर्जीव ठिठुरा पड़ा था। एक आदमी को दया आई और उसने सर्प को अपनी छाती से चिपा कर गर्म किया। प्राण संचरित होते ही सर्प ने उस आदमी को डस लिया। मरते हुए आदमी ने कहा—'कुटिलवृत्ति के सर्प को बचाने के कारण मुझे मरना पड़ रहा है, यह अच्छा ही हुआ।' कृतघ्न के प्रति कितना ही स्नेह क्यों न दिखाओ, वह अपने कुटिल धर्म को नहीं छोड़ता। दूसरी कथा है: एक शिकारी चिड़ियों के शिकार हेतु निकला। चिड़ियों की तलाश में उसकी नजर आकाश की तरफ थी। अचानक उसका पांव एक खड्डे में बैठे सर्प पर पड़ गया। सर्प ने आव देखा न ताव, उसे डस लिया। मरते हुए शिकारी ने कहा—'कहां तो मैं किसी को मारने चला था और कहां मेरी ही मौत लिखी थी।' भाग्य की विडंबना के साथ ही बुरा विचारने वाले को बुरे परिणाम भुगतने संबंधी यह कथा शुद्ध पशुकथा ही है।

खजाने का रक्षक एवं निर्धन को धन-संपत्ति देना: यह सामान्य विश्वास है कि गड़े हुए खजाने का रक्षक सांप होता है। ऐसे प्रवादों एवं सत्य रूप में कही जाने वाली असंख्य घटनाएं गांवों में सहज ही सुनी जा सकती हैं। खजाने के रक्षक के रूप में सर्प को विश्वजनीन अभिप्राय का स्वरूप मिला है। भारत में यह सामान्य धारणा है कि धनी व्यक्ति अपनी मौत के बाद भी अपनी संपदा का मोह नहीं छोड़ पाता और वही सर्प-योनि में आकर गड़े हुए खजाने का रक्षक बन जाता है। अंत में यह धनी व्यक्ति सर्प रूप में अघा जाता है और तब अपने रिश्ते-दारों को स्वप्न में खजाने का रहस्य बता देता है। विलियम क्रुक ने खजाने के रक्षक सर्प की धारणा के विषय में लिखा 'एक सिद्धान्त के अनुसार सर्प का आदिम धातु-विज्ञान [लौह आदि] से संबंध रहा; दूसरे सिद्धान्त में कहा गया कि सर्प निश्चय ही जौहरियों का टोटेम रहा होगा; तीसरे सिद्धान्त में कहा गया कि सर्प की मूल्यवान मणि ही खजाने की धारणा के मूल में है। किन्तु अधिक संभा-

वना यही लगती है कि पुराने खंडहर, मन्दिर या ऐसी ही उजड़ी वस्ती ने सर्प के निवास के खजाने की धारणा को जन्म दिया होगा। सर्प को दैविक ऐश्वर्य का रक्षक भी माना गया है और उसी विश्वास का फल खजाने के रक्षक के रूप में हुआ हो।'

धन और संपत्ति की रक्षा करते हुए सर्प के विश्वास की बात तो यहीं समाप्त हो जाती है किन्तु लोक-कथाओं में उसके द्वारा रक्षित खजाने का क्या होता है — यह महत्त्वपूर्ण बात है। सर्प के पास संपदा और ऐश्वर्य है तो वह उसका प्रयोग किस रूप में कर रहा है। यहां सर्प के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था के बीच धन संबंधी मूल्यों का ज्ञान होने लगता है। धन के अभाव में समाज की उपेक्षा, निर्धनता के कारण हीनता का भाव, सामान्य पारिवारिक कार्यों को इज्जत से निभा पाने की असमर्थता आदि ऐसे तथ्य हैं जो सर्प के खजाने के द्वारा वांछा-पूर्ति की मनोभावनाओं को सहलाता है। एक चमत्कारी संयोग से सर्प स्वयं अथवा उसका खजाना मनुष्य को राहत देने पहुंचता है। तब क्या यह सोचना गलत होगा कि सर्प और उसके लोक का ऐश्वर्य मनुष्य की सामान्य वांछा को पूरने वाला एक प्रतीकात्मक संयोग है? फुलवाड़ी के दसवें भाग की 'बांड्यौ वीर' एवं 'काळिंदर री सुगराई' नामक दो कथाओं में निर्धन बहू एवं निर्धन कन्या के कष्टों को सर्प अपने ऐश्वर्य और संपदा से दूर करते हैं। 'बांड्यौ वीर' सबसे छोटी बहू के दुःख और दारिद्रय को देखकर, उसका राखी-बंध भाई बनता है और दुःखों से छुट-कारा दिलाने के लिए नागलोक में ले जाता है। नाग-परिवार के साथ ही वह सुख से रहने लगती है। 'काळिंदर री सुगराई' में एक निर्धन परिवार की उस कठिनाई में सर्प द्वारा मदद करना जब गरीबी के कारण कन्या का विवाह असंभव बन जाता है। यहां सर्प की कृतज्ञता का कारण उसे प्रति दिन दूध पिलाया जाना है। इस कथा के सर्प में चमत्कारिक शक्ति के द्वारा हीरे-मोती को उत्पन्न करने का उल्लेख है। वस्तुतः सांप खजाने का मालिक नहीं अपितु हीरे-मोती का अलौकिक सृजनहार है। उसकी पूंछ कटाने पर खून की बूंदों से लाल मोती बनना अथवा अपनी बांबी पर सात बार फन मारने से सजे सजाये भवन का बन जाना स्पष्ट करना है कि उसमें धन की रक्षा के बजाय ऐश्वर्य उत्पन्न करने की क्षमता है।

यदि इन दोनों कथाओं से सर्प को निकाल दें तो समाज के परिवार के दो चित्र मिलते हैं। एक में परिवार के एक निर्धन भाई की बहू की प्रताड़ना का

भाव है तो दूसरी में एक गरीब परिवार की वह दुःखद कथा है जिसमें वह क्वांरी कुंवारी कन्या के हाथ पीले नहीं कर सकता। ये दोनों सत्य भारतीय परिवार पर एक मार्मिक और करुणाजनक परिस्थितियों के द्योतक हैं। इन दरिद्रता की परिस्थितियों को ज्यों ही सर्प की सहायता से पार पा लिया जाता है त्यों ही उन्हें समाज में पुनः सम्माननीय स्थान मिल जाता है। कथाओं में सर्प वस्तुतः वांछा-पूर्ति की भावना की जगह उपस्थित हो रहा है—जहां जीवन के मूल्यों के अनुरूप किसी में कार्य करने की क्षमता नहीं रहती है।

इन दोनों ही कथाओं में सर्प द्वारा वहू एवं कन्या को अपनी बहिन ही माना जाता है। 'बांड्यो वीर' में निर्धन भाई की वहू को नागिन के कोप को सहना पड़ता है क्योंकि उसने गर्म दूध पिला कर सर्प के बच्चों को क्लान्त कर दिया था। किन्तु इस वहू की सर्प परिवार के प्रति शुभ कामनाओं को सुन कर नागिन का कलेजा एकदम ठंडा हो जाता है और उधर निर्धन भाई को सम्पन्नता के कारण परिवार में सम्माननीय स्थान मिल जाता है। 'कालिंदर री गुगराई' में सर्प की सहायक भावना और पुरुष रूप में प्रकट होने के कारण पति को अपनी पत्नी पर सन्देह होता है किन्तु नाग-युवक द्वारा अपने सही रूप में प्रकट होने पर पति का सन्देह दूर हो जाता है। यहां सर्प एवं स्त्री के संसर्ग की एक संदेहात्मक झलक अवश्य मिलती है।

फुलवाड़ी के इस भाग में फूलकुंवर की कथा की समस्या कुछ दूसरी है। यह अभिप्राय सामान्यतया खूब प्रचलित है कि मां अपनी मृत्यु-शैया पर अपने पुत्र-पुत्रियों को संभलाते हुए पति से दूसरा विवाह न करने का वादा करवाती है। किन्तु पति दूसरा विवाह कर लेता है और सौतेली मां के आगमन से पहिले के पुत्र या पुत्री को कष्ट का जीवन बिताने के लिए बाध्य होना पड़ता है। जहां पुत्र है, वहां उसे देश निकाला मिलता है और जहां पुत्री है, वहां उसे दरिद्रतम व्यक्ति से विवाह करना पड़ता है। वस्तुतः यह व्यक्ति दरिद्र नहीं होता अपितु भाग्य की विडंबना के कारण दरिद्रावस्था में होता है। विवाह के बाद सौतेली मां को सौतेली पुत्री के सुख के बारे में ज्ञात होता है और वह पुनः धोखे से अपनी पुत्री को भेजने का प्रयत्न करती है।

इस सामान्य कथा के साथ फूलकुंवर में सर्प को पात्रत्व मिला है। एक सर्प की इच्छा है कि वह मानवपुत्री से विवाह करे। सौतेली मां अपनी सौतेली

पुत्री को राजी-खुशी उसे विवाह में दे देती है। दुःखी सौतेली पुत्री अपने भाग्य को स्वीकार करती है किन्तु ज्यों ही वह सर्प की पूंछ पकड़ कर बांबी में प्रवेश करती है तो नागलोक के ऐश्वर्य एवं दिव्यता से चकाचौंध हो जाती है। सर्प यहां पुरुष रूप में प्रकट होता है और जीवन की प्रक्रिया अपना सहज रूप ले लेती है। किन्तु जब फूलकुंवर पुनः अपने पीहर आती है तो सौतेली मां की डाह उभर जाती है। फूलकुंवर की जगह सिखा पढ़ाकर अपनी बदसूरत पुत्री को नागलोक में भिजवा देती है। सौतेली मां फूलकुंवर की हत्या कर देती है किन्तु एक तोते के रूप में फूलकुंवर अपने नाग-पति को स्थिति अवगत कराती है। इस कथा में हमारा ध्यान इसी तथ्य की ओर जाता है कि जहां समान मानव-कथा में कन्या का विवाह अभागे किसी व्यक्ति से होता है, यहां उसका स्थान सर्प ने ले लिया है। पति रूप में पशु की स्वीकृति के साथ यह विश्वास भी कार्य करता है कि सर्प अपना रूपावर्तन करके पुरुष बन सकता है।

'लिख्या लेख टळै' नामक कथा में चार सर्पों का वर्णन आता है। सर्व प्रथम तो बेमाता [विधाता] के लेख के कारण सामान्य सर्प के डसने का चित्रण है। जंगल में आग लग जाने पर एक सर्प राजा के पेट में शरण लेता है और फिर पेट से निकलना नहीं चाहता। यह दूसरा सर्प है। इस बीमारी के कारण राजा को अपने पद से च्युत कर दिया जाता है। भिखारी एवं दरिद्री राजा को एक 'आप करमी' पुत्री से विवाह करना पड़ता है। इसी जगह तीसरा सर्प आता है जो पेट में शरण लिए सर्प को अपनी कृतघ्नता के लिए प्रताड़ित करता है। इसी विवाद के कारण राजा को सर्प के खजाने के बारे में ज्ञात होता है और साथ ही साथ पेट के सर्प को मार डालने की तरकीब भी मिलती है। भिखारी के रूप में राजा उस विवाद का लाभ उठा कर सर्प का खजाना प्राप्त करता है और पेट के सर्प से मुक्ति भी पाता है। धन व संपदा का मालिक बनने के बाद राजा जब पुनः अपने राज्य की ओर आता है तो एक ऐसी सर्पिणी मिलती है जिसके पास अमृत की मंजूषा है। इसी मंजूषा की सहायता से राजा अपना वचन निभा पाता है। यहां कृतज्ञ और कृतघ्न दोनों प्रकार के सर्प हैं और साथ ही साथ उनकी चमत्कारिक शक्ति की भी अभिव्यक्ति हुई है। आदिम विश्वासों में यह विश्वास भी प्रमुख है कि जो प्राण ले सकता है, वह प्राण दे भी सकता है। सर्प के विष में मादक शक्ति है तो सर्पिणी के पास पुनर्जीवित करने वाली

व्यक्ति भी है। इस कथा में भी अनेक अभिप्रायों का संयोजन हुआ है और विधाता द्वारा लिखे गये लेख को मनुष्य के कार्यों द्वारा बदल सकने की शक्ति पर विश्वास प्रकट किया गया है। भारतीय समाज में जड़ भाग्यवादिता का जहां एक ओर प्रबल प्रभाव है, ठीक वहीं अनेक लोक-कथाएं चमत्कारिक और अलौकिक प्रतीकों या रूपकों के द्वारा इस धारणा को खंड-विखंड करती हुई मिलती हैं।

खजाने अथवा संपत्ति के तत्व को लेकर 'जून्यो सरप' कथा में एक निर्धन के घर सर्प नवलखे हार के रूप में प्रकट होता है। एक निर्धन ब्राह्मण अपनी पत्नी द्वारा प्रताड़ित होकर कमाने के लिए निकलता है। पुनः काळबेलियों द्वारा पकड़े जाने के भय से सर्प ब्राह्मण की थैली में शरण लेता है। यह कृतज्ञ सर्प है। ब्राह्मण के घर वह नवलखा हार बन जाता है और विक्रय के जरिये निर्धन को धन-वान बना देता है। यह कृतज्ञ सर्प जब निपुत्र सेठ के घर पहुंचता है तो वहां सद्यप्रसूत बालक का रूप धारण कर लेता है। मनो-वांछा का अभिव्यक्त रूप यहां सर्प है। जो जीवन की आवश्यकता है, उसी रूप में सर्प अपने आपको रूपावर्तित कर लेता है। सेठ के घर पुत्र के रूप में बड़ा होकर विवाह करता है और अपनी पत्नी द्वारा वर्जना भंग करने पर पुनः सर्प योनि को प्राप्त करता है। यह कथा भी बहु प्रचलित अभिप्रायों पर आधारित है। यहां सर्प को इन्द्र-लोक का पहरेदार बताया गया है। 'जून्यो सरप' अर्थात् प्राचीन सर्प के नाम द्वारा उसे अलौकिक संसार से संबद्धित कर दिया गया है। ब्राह्मण एवं सेठ के घर में मनो-वांछित फल देने वाला पुरुष-रूपाकृत सर्प अपनी पत्नी द्वारा वर्जना-भंग के कारण जब पुनः सर्प बन जाता है तब माधवानल कामकन्दला का वह प्रसिद्ध अभिप्राय प्रवेश करता है जिसमें स्वर्ग से कामकन्दला नामक परी को प्राप्त करने का प्रयत्न निहित है। अन्तर केवल इतना ही है कि यहां सर्प इन्द्रलोक का रक्षक है और उसकी पत्नी अपने नृत्य के द्वारा इन्द्र को प्रसन्न करके, अपने पति को मांगती है। माधवानल की कथा में नायक स्वयं एक मृदंगवादक के रूप में पहुंचता है—यहां नायक को यह कार्य नहीं करना पड़ा। इन्द्रलोक से नायक या नायिका को प्राप्त करने संबंधी यही अभिप्राय अनेक कथाओं के साथ जुड़ा हुआ है। किन्तु हम जिस विशिष्ट वर्गीकरण के साथ इस कथा के सर्प को देखना चाहते हैं, वह है उसका नवलखा हार बन कर निर्धनता को दूर करना अथवा मनोवांछित फल को प्रदान करने की क्षमता।

'नागण थारो वंस वधै' नामक कथा में भी मनोवांछा की परिपूर्ति का अभिप्राय आया है। यहां निपुत्र सेठ के दुःख को देख कर सेठानी झूठे ही घोषित करती है कि वह गर्भवती है। सोलह वर्ष तक पिता द्वारा पुत्र को नहीं देखने की घोषणा करके सेठानी अपने असत्य को छिपाये रखती है। सोलह वर्ष पूरे हो जाने पर विवाह की बात आती है। तब आटे की लोथ को रथ में रख कर, सेठानी निकल जाती है। एक बावड़ी के किनारे नाग-नागिन का वास था। नागिन को दया उपजती है और वह नाग को सोलह वर्ष का लड़का बन जाने की प्रार्थना करती है। सेठानी की मनोवांछा इस प्रकार पूर्ण होती है। इस कथा में भी विभिन्न अभिप्रायों का प्रयोग मिलता है। कथात्मक गठन का प्रारंभिक सौन्दर्य तो इस बात में है कि कथा के अंत से कथा का प्रारंभ होता है। एक युवक अपने गले में नागिन को लपेटे हुए घूमता है। यह क्यों हो रहा है? प्रथम प्रश्न है। इसी प्रश्न के उत्तर में कथा आरंभ होती है। यह कथा-प्रणाली राजस्थान में 'वीलिये नाई' की परंपरा में चलती है। इस कथा-चक्र में सभी कथाओं के पूर्व एक समस्या-प्रधान घटना है और उस घटना के विवरण में कथा का स्वरूप गठित होता है। नागिन ने पहिले तो नाग को युवक बनने के लिए विवश किया, बाद में उसे पुनः प्राप्त करने के लिए, सेठ के घर पहुंची किन्तु वहां के सुख और आनंद को भंग करने की इच्छा नहीं हुई। वह नाग-युवक का रहस्य खोल देती है किन्तु उसी घर में रहना स्वीकार कर लेती है। युवक अपनी दो पत्नियों के साथ [एक नागिन एवं दूसरी स्त्री] जीवन-यापन करता है। नागिन रात्रि को स्त्रीरूप और दिन को नागिन के रूप में रहती है। कथा की अलौकिकता एवं घटना के संघर्ष से सहज बचाव का तरीका अन्य क्या हो सकता था। महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि सांप यहां भी मनोवांछा का पूरक बन कर आया है।

पाप, लोभ या लालच में आसक्त बनाने वाला: प्रस्तुत कथा संग्रह में एक कथा है—पीळो सांप। यह सर्प लोभ-लालच का मायावी प्रतीक बन कर आता है। अब तक की कथाओं में सर्प, अपने प्रकट रूप में घटनाओं का भाग बना रहा किन्तु 'पीळो सांप' तक पहुंचते हुए सर्प स्वयं 'एक स्वप्न' के रूप में प्रकट होता है। एक त्यागी मन और संसार से विरक्त प्राणी को वह संदेश देता है कि दुनिया के सुख, संसार के आनंद-भोग को प्राप्त कर। उसकी छलछद्मपूर्ण ललचाने की

शक्ति से आकर्षित होकर व्यक्ति सांसारिकता के पाशों में लिप्त हो जाता है। सर्प की यह कुटिल चतुराई लोक-कथाओं एवं पुराकथाओं में निरंतर बनी रही है। ईसाई धर्म के आदि ग्रंथ में आदम एवं ईव को यदि किसी ने वृक्ष के वर्जित फल को ललचाकर खाने हेतु प्रवृत्त किया तो वह सर्प ही था। संपूर्ण मानव जाति के जनन-प्रजनन और सांसारिक दुखों-सुखों का सृजन हुआ तो उसके मूल में कुटिल सर्प का फुसलाहट भरा व्यवहार ही है। पाप की भावना की ओर प्रवृत्त करना, पाप में सरोबार करना और फिर सारे जीवन को तहस-नहस कर डालना ही मानो उसका परम ध्येय है। स्वर्णिम सर्प जहां एक विरक्त व्यक्तित्व को सांसारिकता में धकेल देता है, ठीक वहीं उसे पुनः स्वप्न में कहता है कि तुमने खूब सुख भोग लिया। अब दुनियावी प्रपंचों से मुक्त हो जाओ। प्रवृत्त करना उसकी शक्ति में था, निवृत्त करना तो मन की क्षमता का प्रश्न था। अंततः सर्प की कुटिलता और मायावी व्यवहार के कारण राज-पुरोहित को अपने प्राण ही गंवाने पड़े। इस कथा में सर्प को मन की एक भावना के आन्तरिक संघर्ष अथवा उसके द्वंद्व के प्रतीक रूप में चित्रण मिला है।

त्रिया-चरित्र : *विश्व के लोक-कथा साहित्य में त्रिया चरित्र की रचनाओं का अंत ही नहीं है।* स्त्री के चारित्रिक वर्णन में उसकी कामुकता और कामुकता-जन्य चतुराई की बातों का अनंत खजाना मिलता है। शुक-बहोत्तरी का कथा-संघटन भी मुख्यतया त्रिया-चरित्र की कथाओं पर हुआ है। कामुक स्त्री के पर-पुरुष गमन के लिए किए जाने वाले छद्म और साहसिक कार्य वास्तव में विस्मयजनक हैं किंतु समाज की संरचना में यह व्यवहार सहजतम रूप से चलता ही रहा है। समाज और परिवार के मूल्यों में वैध पति-पत्नी के संबंधों को जो पावन स्वीकृति मिली हुई है, उसे नकारना बड़े हिम्मत का काम है। त्रिया-चरित्र की कथाएं समाज की इसी रूढ़ एवं पावन मान्यता पर एक व्यंग चित्र प्रस्तुत करता है। शुक-बहोत्तरी की कथाएं तो त्रिया-चरित्र की दुर्बलता पर चलती हैं किंतु उनका चक्र यही घोषित करता है कि पर पुरुष गमन से पाप का भागीदार किस प्रकार बनना पड़ता है।

त्रिया-चरित्र की कथाओं के क्रम में 'रस कस दिवलो वळै' एक महत्त्वपूर्ण कथा है। इस कथा में वस्तुतः पर-पुरुष का प्रतीक सर्प है। नव विवाहिता नायिका का पति अपनी नौकरी के कारण उसे अकेला छोड़कर चला जाता है और मार्ग में

सर्प को देखकर, उसे उलाहने के स्वर में कहता है कि उसका काला रंग, नायिका के काले केसों के सामने फीका है। उसकी लंबाई भी नायिका की वेणी से कम है। खलनायक सर्प को अपने गहरे काले रंग और लंबाई पर अभिमान था। वह वास्तविकता जानने के लिए नायिका के शयन-कक्ष में पहुंचता है किंतु काम-देव के बाणों से बिंधी हुई नायिका को जब सर्प ही एकान्त में मिल जाता है तो प्रेम का आवेग उसे सभी सामाजिक बंधनों से मुक्त कर देता है। सर्प अपने पुरुष रूप में उस नायिका के साथ रहने लगता है। अंततः पति को एक दिन लौटना ही था किंतु तब तक नायिका का हृदय सर्प में रम चुका था। त्रिया-चरित्र की दृढ़ता का आभास यहीं से मिलना प्रारंभ होता है। वह संपूर्ण सामाजिक संस्कारों को नकारती हुई चाहती है कि उसके वैध पति की मृत्यु हो जाये। प्रेम का बहाना करते हुए अपने पति से वह चंपा का फूल मांगती है और सर्प को कहा हुआ था कि वह चंपा के वृक्ष में छिपकर पति को डस ले। नायिका की इच्छा-पूर्ति नहीं होती है और खलनायक सर्प को वैध पति की तलवार से टुकड़े टुकड़े हो जाना पड़ता है। कथा का महत्त्वपूर्ण अंश यहीं विकसित होता है। पर-पुरुष के प्रेम में ठगी हुई नायिका पति को भूलने के लिए तैयार है किन्तु सर्प को नहीं भूल सकती। वह एक पहेली की आड़ में अपने पति को स्पर्श तक से दूर रखने का षड़यंत्र करती है। गर्व की मध्यकालीन सामाजिक मान्यता के अनुसार पति भी पत्नी की बात को मान लेता है। अंत में सर्प की वृद्धा नागिन मां से सत्यकथा ज्ञात होती है और संपूर्ण समाज का घनीभूत क्रोध इस नायिका की जीवनलीला को समाप्त कर देता है।

कथा से यह तो स्पष्ट है कि त्रिया की कामुकता पर प्रहार करने के लिए पर-पुरुष को एक सर्प रूप में संयोजित किया गया है किन्तु सर्प जैसे विषैले पशु के साथ आत्मसमर्पित अपार स्नेह के चित्रण के कारण कथा में अद्भुत रोमांचक भाव आ गया है। इस विस्मयपूर्ण प्रेम-प्रसंग में नायिका की एकान्तिक दृष्टि सर्प पर ही बनी रहती है। उसके लिए हर कष्ट मानों उसका अर्जित अभिमान है। यदि दूसरे शब्दों में इस कथा को भी समझने का उपक्रम करें तो एक नायिका की मनोवांछा का प्रतीक-रूप सर्प है। किन्तु यहां वांछा एक पौरुषपूर्ण पुरुष के समागम से संबंधित है।

सर्प संबंधी अभिप्राय : फुलवाड़ी के दसवें भाग में

लोक कथाओं में सर्प के पात्रत्व को लेकर फुलवाड़ी के दसवें भाग में जो रूप आये, उनको तुलनात्मक रूप से हमने देखा। किंतु कथाओं का पूर्ण विश्लेषण उपरोक्त चर्चा से प्राप्त नहीं हो सकता। अभी तक सर्प के सोद्देश्य कथात्मक प्रयोग पर ही हम विचार कर पाये हैं। इन्हीं दस कथाओं में सर्प संबंधी अभिप्रायों को देखना समीचीन होगा। इन अभिप्रायों को तुलनात्मक दृष्टि से देखने-समझने के लिए अलग से स्टिथ थॉमसन द्वारा वर्गीकृत सर्प संबंधी सभी अभिप्राय प्रकाशित किए जा रहे हैं। इन दस कथाओं की सर्प संबंधी अभिप्राय तालिका इस प्रकार बनती है :

क्रम	अभिप्राय	कथा
१.	सर्प द्वारा काम पीड़ित युवती से सहवास।	रस कस दिवलो बळै।
२.	सर्प [अथवा सर्पिणी] द्वारा दिन को सर्प एवं रात्रि को पुरुष या स्त्री रूप में रहना।	रस कस दिवलो बळै। नागण थारो वंस वधै।
३.	मारे गये सर्प के टुकड़ों से रस निकाला जाना एवं रस से दीपक का तेल बनाना।	रस कस दिवलो बळै।
४.	मारे गये सर्प के टुकड़ों एवं उससे निःसृत रस पर पहेली की रचना।	रस कस दिवलो बळै।
५.	सर्प [सर्पिणी] की मां, बहिन या पत्नी द्वारा पहेली बुझाना या रहस्य खोलना।	रस कस दिवलो बळै एवं नागण थारो वंस वधै।
६.	सर्प द्वा[illegible] अपने काले रंग और लंबाई की [illegible] की वेणी से तुलना करना।	रस कस दिवलो बळै।
७.	सर्प द्वारा निर्धन स्त्री को बहिन बनाना।	बांठयो वीर, काळिंदर री सुगराई।
८.	बांबी के मार्ग से सर्प द्वारा मानव को नागलोक में ले जाना। सर्प की पूंछ पकड़ कर और आंख बंद करके प्रवेश पाना।	बांठयो वीर, फूल कंवर।

९.	हीरे मोती और ऐश्वर्य से भरपूर सर्प-लोक।	बांढ्यौ वीर, फूल कंवर।
१०.	सर्प परिवार का मनुष्य के साथ रहना।	बांडयौ वीर, फूलकंवर।
११.	सर्प द्वारा दूध पीना और दूध पिलाने वाले के प्रति कृतज्ञता।	काळिंदर री सुगराई।
१२.	सर्प द्वारा मनुष्य के शरीर से विष चूस लेना।	काळिंदर री सुगराई।
१३.	सर्प द्वारा मानव वाणी में बोलना।	दसों कथाओं में।
१४.	सर्प की पूंछ को, उसके द्वारा बताई गई विधि से काटने पर खून से लाल व मोती मिलना।	काळिंदर री सुगराई।
१५.	शाम के शयन पर सर्प का मनुष्य रूप ग्रहण करना।	काळिंदर री सुगराई।
१६.	सर्प द्वारा विश्वास दिलाने के लिए पुरुष रूप से पुनः सर्प रूप में परिवर्तन।	काळिंदर री सुगराई।
१७.	अपनी बांबी पर फन को मार कर [सात बार] भवन व ऐश्वर्य का निर्माण।	काळिंदर री सुगराई।
१८.	कृतघ्न सर्प।	नुगरौ सांप।
१९.	सर्प द्वारा स्वयं को डसाने का वादा करने वाले व्यक्ति को ससुराल जाने के लिए मोहलत देना।	नुगरौ सांप।
२०.	कृतघ्न सर्प को न्याय देने हेतु भैंस, खेजड़ी [वृक्ष] एवं सियार के फैसले।	नुगरौ सांप।
२१.	कृतघ्न सर्प को चतुर सियार द्वारा पुनः फंसा देना।	नुगरौ सांप।
२२.	सर्प द्वारा सुन्दर स्त्री से विवाह की इच्छा।	फूल कंवर, नागण थारौ वंस वधै।
२३.	सर्प की बरात में बिच्छू, गोह, अजगर आदि।	फूल कंवर।

२४.	सांसारिक सुख भोगने के लिए सर्प द्वारा ललचाना।	पीळो सांप।
२५.	सांसारिक सुखों में लीन व्यक्ति को सर्प द्वारा दंडित किया जाना।	पीळो सांप।
२६.	सर्प द्वारा मनुष्य के पेट में निवास।	लिख्या लेख टळै।
२७.	सर्पों की परस्पर प्रतिस्पर्धा। खजाने का रक्षक सर्प एवं पेट में निवास करने वाले सर्प का विवाद।	लिख्या लेख टळै।
२८.	सर्प दंश से मृत व्यक्ति की लाश को [छः महीने] संभाल कर रखना।	लिख्या लेख टळै।
२९.	सर्पिणी द्वारा अपने मृत पति के शव की खोज, हत्यारे का पीछा।	लिख्या लेख टळै।
३०.	अमृत की डिबिया वाला सर्प [सर्पिणी]।	लिख्या लेख टळै।
३१.	इन्द्र लोक का पहरेदार सर्प।	जून्यो सरप।
३२.	सपेरों से बचने के लिए सर्प द्वारा थैली या कटोरदान में शरण।	जून्यो सरप, नुगरो सांप।
३३.	सर्प द्वारा निर्धन के घर नवलखाहार बन जाना।	जून्यो सरप।
३४.	सर्प द्वारा नवलखे हार से सद्यप्रसूत बालक बन जाना।	जून्यो सरप।
३५.	मनुष्य रूपी सर्प पति की दो शर्तें : घर में आग कभी न बुझे और पानी का परिंडा कभी खाली न रहे।	जून्यो सरप।
३६.	सर्प रूपी पति [या पत्नी] द्वारा निर्णीत वर्जनाओं को भंग करना।	जून्यो सरप।
३७.	पुरुष रूपी सर्प की जाति को जानने पर उसका पुनः सर्प रूप धारकर पानी में प्रविष्ट होना।	जून्यो सरप।
३८.	इन्द्रलोक के पहरेदार सर्प को इन्द्र से	जून्यो सरप।

वरदान रूप में प्राप्त करना।

३९.	आटे की लोथ में नाग का प्रवेश एवं युवक रूप ग्रहण करना।	नागण थारो वंस वधै।
४०.	विरहणी नागिन का नाग प्रेम।	नागण थारो वंस वधै।
४१.	सर्प की कुटिलता—स्थायी।	सीधो हिसाव, नुगरो सांप।

उपरोक्त अभिप्राय सर्प संबंधी दस कथाओं में आये हैं और यहां स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि ये अभिप्राय केवल सर्प विषयक ही हैं। इन्हीं कथाओं में आये हुए अन्य अभिप्रायों को यहां संकलित नहीं किया गया है। सर्प के कथात्मक कृत्यों एवं उनके अभिप्रायों को अपने ही संदर्भ एवं प्रसंग में देखने के [illegible] यह चयन अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। यह निर्विवाद है कि राजस्थान की प्रत्येक सर्प संबंधी कथा को आधार बनायें तो सैंकड़ों अभिप्राय सहज ही मिल जायेंगे। यह आवश्यक है कि किसी भी विषय पर सांगोपांग विचार प्रकट करने के पूर्व हम कथाओं में प्रयुक्त रूपों को एक तरफ करलें। फिर उन्हें अन्य विषयों की तुलना में रखें और सामाजिक विश्वासों की कसौटी पर कसें। प्रस्तुत सर्प संबंधी विवेचन अपने आप में एक अंत नहीं है अपितु एक प्रारंभ मात्र है जो कथाओं के संग्रह के साथ विकसित होता जायेगा। यह प्रयास भी यहां नहीं किया गया है कि वस्तुस्थिति को कोई सैद्धान्तिक आवरण दिया जाय। केवल उसी स्थिति को आंकने का प्रयास किया गया है जिसमें सर्प, किसी न किसी रूप में, प्रकट हुआ है।

दसवें भाग की अन्य कथाएं :

सर्प संबंधी दस कथाओं के वाद ग्यारह कथाएं विभिन्न विषयों पर प्रकाशित की गई हैं। यदि इन्हीं ग्यारह कथाओं को अपने विषयानुसार विभक्त करने का प्रयत्न करें तो तीन सुनिश्चित-से हिस्से बनते हैं और कुछ कथाएं इन सीमाओं में नहीं आ पातीं। ये हिस्से बनते हैं—प्रथम : परी कथा—'असमांन जोगी'। द्वितीय : दो विरोधी भावनाओं अथवा दो विरोधी कर्मों अथवा दो विरोधी तत्त्वों के अन्त-संघर्ष पर निर्मित उपदेशात्मक कथाएं। इन कथाओं में 'जोग री वात' 'भूंडो और भलो' तथा 'करणी जैड़ी भरणी' कथाओं को लिया गया है। तृतीय : प्रहेलिकात्मक कथाएं — ये कथाएं प्रश्नोत्तर रूप में पहेलियों का आधार लेकर चलती हैं। इन कथाओं में 'घर रै पाखती घर' 'वेटो सीभै' 'नीं रो म्यांनो हां' और 'वेटो किणरो' लिया गया है। इस प्रकार दसवें भाग की आठ कथाएं तो अपने विषयानुकूल

अथवा गठनात्मक दृष्टि से एक एक विभाजन के रूप में देखी-समझी जा सकती हैं। किन्तु शेष तीन कथाओं के स्वरूप अपने आप में स्वतंत्र हैं अथवा दूसरे शब्दों में यह कह सकते हैं कि इन कथा के विषयों की केवल एक एक कथा दसवें भाग में प्रकाशित हुई है।

'देवाळा री बापोती' कथा को हम कृषक के आर्थिक-जीवन से संबंधी एक दुःखात्मक सत्य पर आधारित मानते हैं। कथा का प्रमुख लक्ष्य किसान द्वारा कुए से निरन्तर 'दिवाला' सींचते रहने पर कथा का रूप खड़ा हुआ है। समाज के आर्थिक क्रिया-कलापों के संघर्ष पर बनी हुई ऐसी अनेक कथाएं मिलती हैं। इस भाग में केवल एक ही कथा आई है। 'दुविधा' नामक कथा को यदि विषय की सहजता के साथ देखने का उपक्रम करें तो इसे एक भूत-संबंधी कथा कह सकते हैं। यहां भूत एक प्रेमी-नायक के रूप में आता है। यों उपदेशात्मक कथाओं में से 'भूंडो अर भलो' में भी दो भूतों का विवरण आया है किन्तु यहां भूत प्रासंगिक है, गौण है किन्तु 'दुविधा' में वह गौण नहीं, मुख्य कथा का संचालन करता है। खांतोलो चोर को हम पारंपरिक कथा रूप में देखते हुए चतुर चोर संबंधी कथाओं के वर्ग में रखना चाहेंगे। चोरों की चतुराई की अनेक कथाएं राजस्थान में प्रचलित हैं। खापरा चोर के कथा-चक्र पर अभी संकलन का कार्य होना शेष है।

जहां तक कथाओं के मोटे रूप से विभाजन का प्रश्न है, 'फुलवाड़ी' के दसवें भाग की कथाओं का उपरोक्त वर्गीकरण एक सुविधा के लिए कर लिया गया है। इस वर्गीकरण को संपूर्ण लोक कथा साहित्य के विस्तृत विभाजन की पूर्व-पीठिका के रूप में देखना ही उचित होगा।

परि कथा : असमांन जोगी को परी-कथा क्यों कहा जाय ? यह प्रश्न संभवतया महत्व-पूर्ण है। वस्तुतः 'फेयरी टेल्स' का हिन्दी अनुवाद 'परी-कथाओं' के रूप में हुआ। यों सामान्यतया परी-कथाएं उन्हें ही माना जाना चाहिए—जहां अप्सराओं या परियों का कार्य व्यापार मिलता हो। किन्तु लोक कथाओं के अध्ययन में अलौकिक तत्वों से संचालित कलाओं को 'फेयरी टेल्स' कहा गया। अंग्रेजी का शब्द फेयरी टेल्स भी वस्तुतः जर्मन शब्द 'मार्चेन' का अनुवाद है और कहा जाता है कि 'मार्चेन' शब्द में अलौकिकता का तत्व ही प्रधान रहा है। असमांन जोगी कथा की महत्त्वपूर्ण बात यह है कि सामान्यतया दैत्य, राक्षस अथवा दस्युता का प्रतीक-पात्र पाताल-लोक, घने बीहड़ जंगल, अगम्य पर्वतों अथवा कुए-बावड़ी में रहता है

किन्तु असमांन जोगी का निवास स्थान आकाश में है । अन्य दैत्यों की भांति यह 'जोगी' भी मानव-वंशी प्राणियों का हरण करता है । और समाज में वेदनापूर्ण स्थितियों को पैदा करता है किन्तु इसका निवास निम्नलोक में न होकर, उच्चलोक में है जहां सामान्यतया देवकुल का साम्राज्य रहता है । इस दैत्य का प्राण एक तोते में निवास करता है, उसके शरीर से बाहर । अन्य प्राणी में अपने प्राण की संयोजना से दैत्य लगभग मृत्युंजयी बन जाता है । कथा अपने सहज रूप में सात भाइयों को पत्थर की पुतलियां बना देती है, सातों भाइयों की पत्नियों को 'जोगी' के हरम में पहुंचा देती हैं, किन्तु साथ ही साथ सातों भाइयों की छोटी बहिन के रूप में एक विरोधी शक्ति भी 'जोगी' के आकाश महल में पहुंच जाती है । अपनी विरोधी शक्ति से ही असमांन जोगी आकर्षित होता है और यही विरोधात्मक द्वंद्व उसके अंत का कारण बनता है । इस छोटी बहिन के साथ सहायक शक्ति के रूप में मालिन का चरित्र आता है । मालिन वस्तुतः आकाश में उड़ाकर ले जाई गई स्त्रियों एवं भूमि पर अवस्थित परिवार के बीच में कड़ी है और उसका पुत्र असमांन जोगी की हत्या करके कथा को सुखान्त की ओर ले आता है । यह कथा अपने गठन में अनेक प्रकार की महत्त्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक वस्तुस्थितियों को प्रकट करने में समर्थ दिखाई देती है ।

दो भावनाओं, दो कर्मों अथवा दो विरोधी तत्वों का संघर्ष : प्रकृति एवं समाज की अन्तर्रचना में अंतर्द्वंद्व का अपना महत्व है । वस्तुतः प्रत्येक कार्य के संयोजन में दो वस्तु-स्थितियों के संघर्षण से एक तृतीय सत्य की उत्पत्ति होती है । थीसिस और एंटी थीसिस के संघर्षण से सिंथेसिस की कल्पना को विश्व के दर्शन-शास्त्र में अपना स्थान मिला है । उसका वृहत्तर अथवा व्यापक रूप लोक कथाओं के गठन में अंतश्चेतना के रूप में निरंतर किया जा सकता है । कहीं कहीं ये विरोधात्मक तथ्य प्रतीकों के रूप में आये हैं तो कहीं पात्रों के क्रिया-कलापों में निहित रहे हैं । इन्हीं तथ्यों के साथ अनेक बार विश्वास के बल पर या स्थूल मनोस्थितियों को पात्रत्व देकर भी अन्तर्द्वंद्व को अभिव्यक्त करने का प्रयत्न हुआ है ।

'जोग री वात' नामक कथा में हमें विरोधी तत्वों के दो युग्म मिलते हैं । कथा के पात्र हैं दौलत और दरिद्र । दोनों के संघर्ष का संचालन करती हैं दो अलौकिक सत्ताएं — लक्ष्मी एवं भाग्य । दौलत और दरिद्र दो भाई हैं और नाम के अनुरूप ही उनका जीवन भी है । एक ओर धन, संपत्ति और सुख है और

दूसरी तरफ निर्धनता, मजूरी और आत्मतोष को जड़ता है। इन्हीं दो विरोधी स्थितियों के पात्रों को लेकर लक्ष्मी एवं भाग्य में एक दूसरे से बढ़ने का विवाद उत्पन्न होता है। लक्ष्मी, धन की देवी है और धन प्रदान करके वह समाज के किसी भी परिवार या व्यक्ति को सुखी बना सकती है। भाग्य वस्तुतः कुछ भी देने की स्थिति में नहीं है किन्तु जिसकी मेहरबानी के बिना लक्ष्मी की दातारी भी व्यर्थ हो सकती है। दरिद्र को वे अपनी होड़ का केन्द्र बनाते हैं। लक्ष्मी की असीम कृपा से उसके खेत में हीरे-मोती निपजते हैं किन्तु अभागे को उनकी पहिचान नहीं। बनजारे की खरीद से जब राजा को हीरे-मोती की खेती का पता लगता है तो भाग्यवशात् सारी स्थिति बदल जाती है। दोनों के सहयोग से अथवा उनके द्वैत के अंत से नई स्थिति जन्म लेती है।

भूंडो और भलो नामक कथा के दो पात्र हैं — एक का नाम है बुरा और दूसरे का नाम है भला। दोनों ही विलोम शब्द — एक दूसरे के विरोधी। मनुष्य के दोनों ही चारित्रिक तथ्य। 'बुरापन' अपनी कुटिलता और षड्यंत्र से बाज नहीं आता और 'भलापन' अपनी सहजता में ही विकसित होता जाता है। इन दोनों के संघर्ष एवं द्वंद्व में एक को पराजित एवं एक को विजय मिलती है।

इसी प्रकार तीसरी कथा में पाप एवं पुण्य की दो सामाजिक मूल्यों का द्वंद्व मिलता है। इस कथा में दो चारित्रिक तथ्यों पर दो पात्रों का सृजन नहीं किया गया अपितु दो मनःस्थितियों से उत्पन्न एक ही व्यक्ति के संघर्ष का आधार लिया गया है। राजा द्वारा ब्राह्मण को पुण्यार्थ दिये जाने वाले धन के बदले उसके लिए स्वर्ग में सोने का महल बन रहा है और कुंवारी कन्या पर बुरी नजर डालने से उसके लिए नरक में अग्निकुंड की तैयारी की जा रही है। पाप और पुण्य में जो द्वैतत्व है — ठीक वही नरक एवं स्वर्ग है और ठीक वही संबंध पुनः अग्निकुंड एवं सोने के महल में है। दो विरोधी चारित्रिक सत्व के अनुरूप सारी कथा में दो-दो विरोधी तथ्यों का सृजन हुआ है।

लोक कथाओं में भावनाओं, लक्षणों, चारित्रिक तथ्यों, प्राकृतिक वस्तु-स्थितिओं एव अलौकिकता जन्य परिस्थितियों के विलोमत्व की एक स्थायी परंपरा चलती रही है। ऐसी कथाओं को इसी द्वंद्व पर निर्मित परिस्थितियों में विश्लेषित करना उचित होगा। सामाजिक मूल्यों के विषय में ये कथाएं सर्वाधिक मुखर होकर, अपनी सकारात्मक स्थापनाओं को व्यक्त करतीं हैं।

प्रहेलिकात्मक कथाएं : लोक कथाओं में यह प्रवृत्ति निरंतर मिलती है कि नायक के समक्ष प्रश्न प्रस्तुत किये जायें अथवा कठिन कार्यों को करने के लिए कहा जाय ; विभिन्न शर्तों से संबंधी कथाओं में भी प्रहेलिकात्मक कथांश का आभास होता है । किन्तु ऐसी कथाओं में प्रश्न , शर्त अथवा कार्य बताये जाने और उन्हें नायक द्वारा पूर्ण किये जाने के बावजूद प्रहेलिकात्मक कथा कहना उचित नहीं होगा । यों पहेली वस्तुतः शाब्दिक , लाक्षणिक या व्यंग्य के द्वारा समान - धर्मिता के आधार पर एक भ्रमपूर्ण विवरण देने का प्रयास करती है । दो अर्थ - संकेत वाली वस्तुस्थिति और चित्रण की शैली में कही गई बात को ही हम पहेली - मान लेते हैं । अतः प्रहेलिकात्मक कथाओं के विभाजन में हम उन्हीं कथाओं को लेना उचित समझते हैं जिनकी प्रकृति ' शुद्ध पहेली ' की है और उसका सामाजिक तोष भी उसके गूढ़ार्थ से पूर्ण हो जाता है । फुलवाड़ी में प्रकाशित चारों प्रहेलिकात्मक कथाएं इस दृष्टि से शुद्ध पहेली का ही सृजन करती हैं । यहां पहेली पूछना ही प्रमुख है और कथा का सृजन भी पहेली के लिए ही हुआ है । यहां कथा के लिए पहेली की शैली का प्रयोग नहीं है । कथाओं को पढ़ने पर ज्ञात होगा कि शब्दों के दो अर्थ - संकेत से एक घटनात्मक स्थिति का वर्णन किया गया है ।

